स्टोरी @ शॉर्ट

# साहित्यकारों ने साहित्य सृजन की बारीकियों को जाना



**जमशेदपुर.** पश्चिम बंगाल के मुकुटमनिपुर में साहित्य अकादमी, नयी दिल्ली और संताली साहित्यकारों के संगठन जुवान ओनोलिया द्वारा संयुक्त रूप से साहित्य सम्मेलन ₹मुलाकात₹ का आयोजन किया गया. इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य साहित्य सृजन के क्षेत्र में युवाओं को आगे लाना था. इस आयोजन ने साहित्य प्रेमियों और युवाओं में नयी ऊर्जा का संचार किया और संताली साहित्य को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. श्याम सी टुडू ने अतिथि साहित्यकारों का स्वागत किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय सोरेन ने की. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री उपेन किस्कू और सम्मानित अतिथि के रूप में डॉ देवल सोरेन उपस्थित थे.